तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, जून 30, 2025

11 भाविप की श्रीराम और विवेकानंद शाखा ...



12 अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला...



## खबर संक्षेप

### अस्पताल संघर्ष समिति के अध्यक्ष का निधन

**रेवाड़ी।** अस्पताल संघर्ष समिति रामगढ़ भगवानपुर के अध्यक्ष 85 वर्षीय राममेहर सिंह का रविवार को अचानक महापंचायत के बाद हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। वे पिछले 13 दिन से 200 बेड अस्पताल के लिए लड़ाई लड रहे थे और रविवार को भी महापंचायत में पूरा दिन उपस्थित थे। राममेहर किसी भी सामाजिक कार्य में अग्रसर रहते थे। राममेहर सिंह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पुराने कार्यकर्ता रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा, यह सभी क्षेत्रवासियों के लिए बहुत बड़ी क्षति है।



### अवैध रूप से शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** डहीना चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव बुडोली निवासी नरशी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 बोतल देशी शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नरशी निवासी गांव बुड़ोली अपने मकान में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना को पर पुलिस ने मौके से आरोपी को देशी शराब सहित काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खोल में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### नांगल पठानी स्टेशन पर अधेड़ ने फांसी लगाई

**कोसली।** नांगल पठानी रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात एक अधेड़ ने प्लेटफार्म की शेड की एंगल से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शव को फंदे से लटका देख कर किसी ने जाटूसाना स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रविवार प्रातः स्टेशन मास्टर की सूचना पर राजकीय रेलवे पुलिस चरखी दादरी मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को फंदे से उतरा। मृतक की पहचान हांसी की कृष्णा कॉलोनी निवासी राजेश के रूप से हुई। मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें परेशानी के कारण आत्महत्या करने का जिक्र है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रदर्शन 15 जुलाई को

**रेवाड़ी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक जिला प्रधान रामेश्वर दयाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधान ने कहा कि देशभर के रिटायर्ड कर्मचारी संघर्षरत है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान तथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के सानिध्य में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 15 जुलाई को सुबह 9:30 बजे से दोपहर एक बजे तक धरना-प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से मार्च 2025 में पारित वित्त विधेयक भाग केंद्रीय एवं प्रदेशों के कर्मचारियों व पेंशनर्स के लिए बड़ा घातक है। सरकार ने पेंशनर्स के साथ धोखा व अन्याय किया गया है।

## महापंचायत में सरकार को 12 जुलाई तक का अल्टीमेटम

# अस्पताल बनाने का आश्वासन नहीं मिला तो रेवाड़ी की ओर कूच कर करेंगे बड़ा आंदोलन

**रामगढ़-भगवानपुर में नागरिक अस्पताल बनवाने की मांग को लेकर 13 दिन से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना**

- अनेक गांवों व संगठनों का मिल चुका ग्रामीणों को समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के गांव भगवानपुर में रविवार को 200 बेड के अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में स्वराज इंडिया के संस्थापक योगेंद्र यादव और पूर्व मंत्री जगदीश यादव भी शामिल हुए।

इस मौके पर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 12 जुलाई तक धरना स्थल पर भाजपा नेता ठोस आश्वासन देने नहीं पहुंचा, तो ग्रामीण रेवाड़ी की ओर कूच करेंगे। विवाद की जड़ एक वायरल ऑडियो रिकॉर्डिंग है, जिसमें कथित तौर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और गांव के सरपंच प्रतिनिधि के बीच बातचीत दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्रीय मंत्री ने अस्पताल निर्माण का वादा करके उनके गांव की जमीन जलघर के निर्माण के लिए ले ली, लेकिन अस्पताल के लिए कही और जमीन देखी जा रही है। महापंचायत में पहुंचे एसडीएम सुरेंद्र सिंह को अस्पताल संघर्ष समिति ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। एसडीएम ने कहा कि अभी तक अस्पताल के लिए कोई स्थान अंतिम रूप से तय नहीं किया गया है।

रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी के आह्वान पर आयोजित महापंचायत में काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी। महापंचायत की अध्यक्षता रामगढ़ भगवानपुर के बुजुर्ग राममेहर सिंह व लालसिंह ने की। शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की गजल 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' से महापंचायत की शुरूआत हुई। इस मौके पर कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह नेआश्वाशन दिया था कि 200 बेड का सरकारी अस्पताल रामगढ़ में बनाया जाएगा। इसी भरोसे पर गांव की पंचायत ने शहर की प्यास बुझाने के लिए 10 एकड़ जमीन जलघर के लिए सरकार के नाम करा दी। भगवानपुर की पंचायती जमीन नेशनल हाइवे-71 से साढ़े 3 एकड़ की दूरी पर है और चार रास्ते लगते है। रास्तों को चौड़ा करने के लिए किसानों ने अपनी जमीन देने के लिए हलफनामा दाखिल कर दिए है। प्रस्तावित नव निर्माण बस स्टैंड यहां से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। सरकार ने खुद गोकलगढ़ में अस्पाताल नहीं बनाने के बारे पत्र जारी किया तथा भगवानपुर को सभी तरह से उपयुक्त माना गया था। भगवानपुर के अलावा किसी और गांवों का दावा सरकार के पास अभी तक नहीं है।

महापंचायत में 100 से ज्यादा लोगों ने अपने सुझाव रखे। योगेंद्र यादव, कॉमरेड सत्यवान, जगदीश पूर्व मंत्री, रामकिशन महालवत, समय सिंह, रामकुमार निमोठ, कंवर सिंह मीरपुर, रमेश चंद्र, अभय सिंह, प्रेम प्रकाश,ओमप्रकाश गणियार, ओमप्रकाश सैन,उदयराज व अशोक मूसेपुर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, किसान संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महापंचायत में हिस्सा लिया।







रेवाड़ी। महापंचायत में मौजूद अनेक गांवों के ग्रामीण, महिलाएं तथा सरकार के नाम एसडीएम को ज्ञापन देते हुए समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### महापंचायत में लिए महत्वपूर्ण फैसले

रामगढ़ भगवानपुर चौक पर धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। महापंचायत से एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया,जिसमें 12 जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया गया, 11 जुलाई तक सरकार भगवानपुर में अस्पताल बनवाने के लिए कारगर कदम उठाए, अन्यथा 13 जुलाई को ग्रामीण रामगढ़ भगवानपुर धरना स्थल से रेवाड़ी की ओर पैदल कूच करेंगे और निर्णायक आंदोलन का फैसला लिया जाएगा। सांसद राव इंद्रजीत सिंह से मिलने गए पांच गांवों के ग्रामीणों के साथ अमानवीय एवं लोकतांत्रिक व्यवहार की निंदा की गई और मांग की गई कि इसके लिए माफी मांगे, अन्यथा जनता कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होंगी। रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल बनाने के लिए गांव-गांव में कमेटी बनाकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



रेवाड़ी। गांव पुंसिका में पंचायत करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## पाक के लिए जासूसी करने के आरोपी का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दिल्ली के नौसेना भवन से गिरफ्तार हुए रेवाड़ी जिले के रहने वाले क्लर्क विशाल यादव का गांव पुंसिका ने बहिष्कार कर दिया है।

गांव पुंसिका में आयोजित पंचायत में ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में हर चौथे घर से एक व्यक्ति सेना में सेवाएं दे रहा है। ऐसे देशभक्त गांव के लड़के ने इंटरनेशनल लेवल पर गांव का अपमान करा दिया है। अब आरोपी के साथ कोई भी व्यक्ति रिश्ता नहीं रखेगा। विशाल यादव को राजस्थान इंटेलिजेंस ने 16 जून को मानेसर में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि उसने पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान को भेजी थी।

## डीएससी कमेटी का पुनर्गठन, रामौतार वरिष्ठ प्रधान व विजय प्रधान चुने गए

- सुशीला खनगवाल को महिला प्रधान नियुक्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीएससी समाज की बैठक रविवार को धानक बगीची में आयोजित हुई, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई तथा डीएससी कमेटी का पुनर्गठन भी किया गया।

नई कमेटी में वरिष्ठ प्रधान रामौतार पचेरवाल, प्रधान विजय सिंह इंदौरा, महिला प्रधान कमलेश डाबला, महासचिव दयाराम मोरवाल, कार्यकारी प्रधान भूपसिंह खरेरा तथा दिलीप ठेकेदार, ताराचंद कोहली, राजकुमार बावरिया, अजय वाल्मीकि, हंसराज बावरिया व अशोक खींची को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा सुशीला खनगवाल को महिला प्रधान, सहसचिव रवि इंदौरा, कोषाध्यक्ष प्रकाश खनगवाल, सहकोषाध्यक्ष संदीप सोलंकी, प्रेस सचिव जोगेंद्र पचेरवाल, सह प्रेससचिव सुरेंद्र सोलंकी, ऑडिटर राजेश डाबला, सहऑडिटर अशोक कुमार, समन्वयक धर्मपाल सरपंच व रामअवतार इंदौरा, सह समन्वयक सुनील कुमार, कानूनी सलाहकार जगत निनानियां व सुभाष सोलंकी तथा संरक्षक वेदप्रकाश बनवाल, देशराज डाबला, विजय डाबला, गजराज निनानिया, जगदीश वाल्मीकि, राजकुमार, नरेंद्र कुमार, विनोद वाल्मीकि व नरेंद्र कुमार खटीक को नियुक्त किया गया।



रेवाड़ी। डीएससी समाज की नई कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। यादव सभा के कैंप में मरीज की जांच करते चिकित्सक।

## यादव सभा के शिविर में 133 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमे मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की गई। कैंप में 133 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में डा. तरुण यादव ने गुर्दा रोग, डा. प्रशांत यादव ने हड्डीरोग, डा. गौरव यादव ने सर्जरी, डा. अजीत सिंह यादव ने चर्मरोग व डा. मनीष यादव ने ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान की। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने फिजियोथेरेपी की सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में सभा के प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह यादव, गोकल राम, सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव व राम सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

## लक्ष्मीनारायण अग्रसेन जयंती समारोह के चेयरमैन व मोहित गोयल बने उप चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अग्रवाल सभा के कॉलेजियम सदस्यों की बैठक रविवार को अग्रवाल भवन में सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता की अध्यक्षता व अग्रवाल वैश्य सभा के प्रधान बृजलाल गोयल की उपस्थिति में आयोजित की गई।

इस मौके पर सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि सभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आने वाली अग्रसेन जयंती के लिए चेयरमैन व उपचेयरमैन की नियुक्ति करना था। सभा में सर्वसम्मति से लक्ष्मीनारायण अग्रवाल को चेयरमैन व मोहित गोयल को उपचेयरमैन चुना गया। अब दोनों पदाधिकारी अपने सहयोगी सदस्य चुनकर जयंती को भव्य बनाने रूपरेखा बनाएंगे। समारोह का आयोजन सेक्टर-3 स्थित हुडा की खाली जगह में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभा के उपप्रधान एडवोकेट राकेश गुप्ता, सचिव राजीव अग्रवाल, सहसचिव संदीप गोयल एवं कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल सहित सभी कॉलेजियम सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। अग्रवाल सभा की बैठक में भाग लेते कॉलेजियम सदस्य।

### प्रशासन का रात्रि ठहराव गांव रोहड़ाई में आज

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 30 जून को जिले के गांव रोहड़ाई में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम प्रीति रावत ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर के स्थापना दिवस पर विश्व कल्याण के लिए महाआरती आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के धोलिया कुआं स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व कल्याण तथा विश्व शांति के लिए महाआरती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य यज्ञमान के रुप में यंगमेंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित स्वामी उपस्थित थे। स्वामी ने कहा कि प्रभु के प्रति आस्था, मानवता जाग्रत करती है तथा जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रेरित करती है। पंडित जगमोहन शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना करके महाआरती को सम्पन्न कराया। भंडारे का आयोजन भी किया तथा शाम को मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी प्रधान जगदीश प्रसाद बंसल, सुनील राव, रतनलाल गोयल, नीरज सोनी, प्रवीण अग्रवाल, मोहनलाल गुप्ता, श्याम लाल सोनी, रमेश शर्मा, हुक्म गूर्जर, ललित गुप्ता, संदीप डहीना, शशिभूषण शर्मा, राहुल शर्मा, सोनू गुप्ता, मयंक गुप्ता, किरोड़ीमल पारीक, होशियार सिंह, राजेन्द्र पारीक, राहुल आदि उपस्थित थे।



रेवाड़ी। मंदिर में महाआरती करते हुए श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## हाइवे पर ट्राला व हाइवा की भिड़ंत में चालक की मौत, एक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित आसलवास फ्लाईओवर के पास रविवार अलसुबह ट्राले व हाइवा की भीषण टक्कर में ट्राला चालक की मौत हो गई तथा टक्कर के बाद हाइवा चालक मौके फरार हो गया है। मृतक चालक की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

रविवार करीब सुबह 4 बजे धारूहेड़ा की ओर से ट्राला जयपुर की तरफ जा रहा था। जब ट्राला एनएच-48 पर आसलवास फलाईओवर के पास पहुंचा तो जयुपर साइड से रॉन्ग साइड आ रहे हाइवा ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्राले के केबिन के परखच्चे उड़ गए, जिससे ट्राला चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाइवे पर काफी देर तक जाम लगा रहा। रॉन्ग साइड से आ रहे हाइपा का चालक मौका पाकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची कसोला थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बावल अस्पताल में पहुंचाया तथा ट्राले को साइड में कराकर जाम खुलवाया।



**जन्मदिवस** अहीर कॉलेज फुटबॉल अकादमी ने करवाई फुटबॉल प्रतियोगिता

## फुटबॉल टूर्नामेंट में अहीर कॉलेज और खोल की टीम बनीं संयुक्त विजेता

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अहीर कॉलेज में टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रविवार को अहीर कॉलेज फुटबॉल अकादमी की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

यह आयोजन अहीर कॉलेज प्रबंधन कमेटी के महासचिव कुंवर राघवेंद्र सिंह एवं कॉलेज की प्राचार्या उर्मिला शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में जिले से बालावास, खोल, रेवाड़ी व बावल की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अहीर कॉलेज फुटबॉल अकादमी और खोल फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया, जोकि 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। कॉलेज प्राचार्या ने सभी खिलाड़ियों तथा फुटबॉल अकादमी के कोच विक्रम सिंह एवं सचिव राजेश शर्मा को बधाई दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रविंद्र कुमार पूर्व फुटबॉल कोच राजस्थान पुलिस, नवीन लंबा मैनेजर हिताची कंपनी, मनोज कुमार हेड मास्टर, सतपाल, अमित कुमार एवं सुनील कुमार उपस्थित थे।



रेवाड़ी। फुटबॉल मैच के दौरान आयोजकों के साथ खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि



## सावन की मस्ती

सावन माह शुरू होने जा रहा है। सावन की मस्ती से भला कौन वाकिफ नहीं। रिमझिम के दौरान युवाओं के अलावा बच्चे भी घरों की छतों पर या गलियों में अक्सर उछल-कूद करते हुए देखे जा सकते हैं। गलियों में पानी भर जाने पर कागज की किश्ती बनाकर उसे तैराना हर किसी के जीवन का खास यादगार पल होता है। किशोरों की टोलियों को बरसात में भीगना, एक-दूसरे को भिगौना खूब सुहाता है। ऐसे में बड़े-बुजुर्ग और महिलाएं अक्सर गुलगुले-पकौडे.आदि पकवान का स्वाद लेते हैं।

# चौमासे में गुलगुले-घेवर की खुशबू से महकेंगी गलियां

*प्रदेश में सावन के महीने में सरसों के तेल का सेवन सेहत के लिए उत्तम माना जाता है। इसलिए आज भी गांव-देहात में सावन के महीने में गुलगुले और सुहाली बनाकर खाए जाते हैं। एक समय ऐसा भी था, जब बारिश होते ही सभी घरों में कढ़ाइयां चढ़ जाती थी और सरसों के तेल में मीठे आटे से गुलगुले और सुहालियां बनाई जाती थी। कोथली के लिए और घरों में खाने के लिए आजकल बाजारू चीजों को वैरियता दी जाने लगी है। अब बारिश के मौसम में गुलगुले व सुहाली भी कम ही बनने लगे हैं।*



चातुर्मास

**राज कुमार नरवाल**

चौमासा शुरू हो गया है। बारिश का मौसम आ गया है। अब हमारा रहन सहन, खान-पान और पहनावा बदल जाएगा। हमारे पूर्वजों ने ऋतुओं के हिसाब से ही हमारी परंपराएं व रीति-रिवाज बनाए थे। हमारे पूर्वजों के बनाए इन नियमों पर चलते हुए हम अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। झुलसाने वाली ज्येष्ठ महीने की गर्मी के बाद आषाढ़ महीना चल रहा है। 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो जाएगा। बरसात के इस मौसम में हमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए, हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए नियम तय किए थे। सबसे पहले बात करते हैं कि चौमासा होता क्या है?

हरियाणा में 'चौमासा' शब्द का उपयोग वर्षा ऋतु के चार महीनों (आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद और आश्विन) के लिए किया जाता है। इसे चातुर्मास भी कहा जाता है। इस दौरान, शुभ और मांगलिक कार्यों को करना शुभ नहीं माना जाता है। चातुर्मास चार महीनों (120 दिन) का होता है, जो आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवशयनी एकादशी) से शुरू होता है और कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवउठनी एकादशी) तक चलता है। इन चार मास में हमारा खान-पान और रहन सहन बदल जाते हैं। इस दौरान कुछ त्योहार भी आते हैं। इन त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाता है। चौमासा शुरू होते ही हमारे गांवों की गलियां गुलगुले, सुहाली और घेवर की खुशबू से महकने लगती हैं। चौमासा शुरू होते ही शहरों और गांवों में अभी से ही घेवर बनना शुरू हो गया है। सावन का महीना शुरू होते ही बरसात के मौसम में बनाए जाने वाले पकवानों की महक और बढ़ जाएगी।

### गुलगुले और सावन का खास मेल

गुलगुले-सुहाली और सावन के महीने का खास मेल है। हरियाणा प्रदेश में सावन के महीने में सरसों के तेल का सेवन सेहत के लिए उत्तम माना जाता है। इसलिए आज भी गांव-देहात में सावन के महीने में गुलगुले और सुहाली बनाकर खाए जाते हैं। एक जमाना ऐसा भी था, जब बारिश होते ही सभी घरों में कढ़ाइयां चढ़ जाती थी और सरसों के तेल में मीठे आटे से गुलगुले और सुहालियां बनाई जाती थी। कोथली के लिए और घरों में खाने के लिए आजकल बाजारू चीजों को वैरियता दी जाने लगी है। पहले की बजाए अब बारिश के मौसम में गुलगुले व सुहाली भी कम ही बनने लगे हैं।

### भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाती है सावन की कोथली

हरियाणा में महिलाओं के मान-सम्मान से जुड़े कई ऐसे रीति रिवाज हैं, जो आज भी गांव-देहात में प्रचलित हैं। यहां सावन के महीने में भाई अपनी बहन को कोथली देने जाता है। इसमें वह उसके कपड़े, गुलगुले, सुहाली, घेवर, पतासे व फल आदि लेकर जाता है।

बहनों को सावन में अपने भाइयों का बेसब्री से इंतजार रहता है, कि कब भाई आए और वह अपने आस-पड़ोस व परिवार को बताए कि उसका भाई उसकी कोथली लेकर आया है। महिलाएं कोथली में आए सामान को आस-पड़ोस में बड़े चाव से बांटती हैं। लेकिन कोथली का यह रिवाज अब आधुनिकता की भेंट चढ़ता जा रहा है। बहन-भाई के रिश्ते अब पहले जितने प्रगाढ़ नहीं रहे, जिस वजह से अब बहुत से भाई अपनी बहन की कोथली देने नहीं जाते।

किसी जमाने में जो भाई अपनी बहन की कोथली नहीं देने जाता था, उसे समाज में हीन भावना से देखा जाता था और समाज के डर से नाराजगी में भी वह अपनी बहन की कोथली देने जाता था। बहन व भाई नाराज हो जाते थे तो सावन के महीने में भाई कोथली लेकर बहन के घर पहुंचता तो सारे गिले-शिकवे दूर हो जाते थे। कोथली एक ऐसा रिवाज है, जिससे बहन और भाई का रिश्ता और मजबूत बनता है। मगर अब वह पहले जैसी बात नहीं रही। अब रिश्तों की मिठास कम होती जा रही है। सावन में कोथली यदि लेट हो जाती तो महिलाएं गीतों के माध्यम से उलाहने देना शुरू कर देती थी। एक गीत में एक महिला ने किसी जमाने में उलाहना देते हुए यह गीत गाया था कि-

*नीमों के निंबोली लागी सामणिया कद आवैगा,*
*मरियो ए बसंता नाई मेरी कोथली कब लावैगा।*

पुराने जमाने में यदि भाई को समय नहीं होता तो नाई को कोथली देने भेज देते थे। इसलिए इस गीत में नाई का जिक्र है। एक महिला का भाई नहीं था, जिसने गीत के माध्यम से कोथली न पहुंचने की पीड़ा अपनी सास के साथ इस प्रकार जाहिर की थी

*ऐरी सासड़ तीजां का बड़ा त्योहार*
*मेरा कोन्या मां का जाया बीर,*
*मेरी कोथली कोण पहुंचावैगा।*

### सावन माह में सिंधारा

शादी के बाद जब पहला सावन आता है तो सावन के महीने में लड़की अपनी ससुराल में नहीं रहती। वह अपने मायके चली जाती है। इस दौरान नवविवाहिता का ससुर सिंधारा लेकर बेटे की ससुराल पहुंचता है। इस सिंधारे में भी कोथली वाला ही सामान होता है। यह भी ऐसी परंपरा है, जिससे रिश्तों को मजबूती मिलती है।

### बहन के घर देते हैं सिधा

होली, दीपावली और मकर सक्रांति आदि त्योहारों पर भाई अपनी बहनों के पास सूट, फल, मिठाई और घी आदि लेकर जाते हैं। भाई को त्योहार पर अपने घर देखकर बहन बहुत खुश होती हैं। अपने दुख-सुख सांझा करती हैं और यदि बहन की आर्थिक स्थिति कमजोर हो तो भाई जो सामान लेकर पहुंचता है उससे परिवार का त्योहार अच्छे तरीके से मन जाता है।

### तीज का त्योहार

हरियाणा प्रदेश में वर्षा ऋतु (मानसून) के आगमन पर तीज का त्योहार सबसे पहले आता है, जो जुलाई या अगस्त में पड़ता है। कहा भी जाता है कि आई तीज, बिखेरगी बीज अर्थात तीज पर्व से त्योहारों का आगमन प्रारंभ हो जाता है। यह त्योहार पार्वती और भगवान शिव के प्रेम का प्रतीक है और हरियाली तीज के नाम से भी जाना जाता है। महिलाएं इस दिन हरे रंग के कपड़े पहनती हैं और रंग-बिरंगी चूड़ियां पहनती हैं।

### धार्मिक मान्यता

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। चातुर्मास के दौरान, विवाह, गृह प्रवेश, सगाई जैसे शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। यह समय पूजा-पाठ, जप, ध्यान, और आत्म-चिंतन के लिए उत्तम माना जाता है। चातुर्मास में, कुछ लोग जमीन पर सोते हैं, शाकाहारी भोजन करते हैं, और कुछ विशेष वस्तुओं जैसे कि गुड़, तेल, दूध, दही, बैंगन, शाकपत्र आदि का सेवन नहीं करते हैं।

### गोगा नवमी का त्योहार

यह त्योहार भाद्रपद महीने में मनाया जाता है। यह त्योहार गोगा वीर (एक लोक देवता) को समर्पित है, जो सांपों के देवता के रूप में भी जाने जाते हैं। इस दिन, लोग गोगा वीर की पूजा करते हैं और सांपों से सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं।

### लोकगीत और नृत्य

बारिश के मौसम में, हरियाणा में लोकगीत और नृत्य का विशेष महत्व है। लोग पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ गाते और नाचते हैं, जो बारिश और फसल के मौसम का जश्न मनाते हैं।

### चौमासा फसल के लिए खास

खरीफ की फसल के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। यह समय किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, और वे इस दौरान अपने खेतों में काम करते हैं। बारिश का मौसम हरियाणा के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह फसल उगाने का समय होता है। इस दौरान, किसान खेतों में काम करते हैं और फसल की अच्छी पैदावार के लिए प्रार्थना करते हैं।

### इस मौसम में खान-पान का विशेष ध्यान रखना जरूरी

- बारिश के मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियां नहीं खानी चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टिरिया और किटाणुओं से संक्रमित होने का खतरा बना रहता है। पत्तों के बीच में कीड़े मिलने की संभावना बनी रहती है।
- लौकी, करेला और तोरई का सेवन करना : चाहिए।
- दूध और दूध से बने उत्पाद जैसे दही, छाछ व पनीर सीमित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए।
- मांस, मछली और अंडे तामसिक भोजन में आते हैं, ये पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं, इसलिए चौमासा में इनका सेवन करने से बचना चाहिए।
- बैंगन में भी कीड़े होने की संभावना बनी रहती है, इसलिए बैंगन नहीं खाना चाहिए।
- धार्मिक मान्यताओं में भाद्रपद महीने में तो दही का सेवन वर्जित माना गया है।
- मूंग, मसूर और अरहर की दाल का सेवन करना चाहिए।
- मौसमी फल जो शरीर को विटामिन और खनिज प्रदान करते हैं, ऐसे फलों का सेवन करना चाहिए।
- संभव हो तो चौमासे में दिन में केवल एक बार ही भोजना करना चाहिए। रात को हल्का भोजन या फल खाना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। भोजन को साफ़ और स्वच्छ वातावरण में बनाना चाहिए।
- चौमासा के दौरान, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।
- यदि कोई व्यक्ति किसी बीमारी से पीड़ित है, तो उसे डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए।

---

रागनी | **डा. रणबीर सिंह दहिया**



## निकम्मा घना सै करतार

सोलां सोमवार के ब्रत राखे मिल्या नहीं सही भरतार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घना सै करतार

बालकपन तैं चाहया करती मन चाहया भरतार मिलै
बराबर की इंसान समझै ठीक ठाक सा घर बार मिलै
उठते बैठते सोच्या करती बढ़िया सा मनै परिवार मिलै
मेरे मन की बात समझले नहीं घणा वो थानेदार मिलै
इसकी खात्तर मन्नत मानी चढ़ावे चढ़ाए मनै बेसुमार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

मेरी सहेली नै ब्याह ताहिं एक खास भेद बताया था
सोलां सोमवार के ब्रत करिये मेरे को समझाया था
बोली मनचाहया वर मिलै जिसनै यो प्रण पुगाया था
मनै पूरे नेग जोग करे एक बी सोमवार ना उकाया था
बाट देखै बढ़िया बटेऊ की यो म्हारा पूरा ए परिवार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

कई जोड़ी जूती टूटगी फेर जाकै नै यो करतार पाया
पहलम तै बोले बहु चाहिए ना चाहिए सै धन माया
ब्याह पाछै घणे ताने मारे छोरा बिना कार के खंदाया
सपने सारे टूटगे मेरे बेबे सोमवार ब्रत काम ना आया
पशु बरगा बरतावा सै ना करै माणस बरगा व्यवहार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

ये तो पाखण्ड सारे पाये ना भरोसा रहया भगवान मैं
उसकी ठीक गलत सारी पुगायी ना दया उस इंसान मैं
फेर न्यों बोले पाछले मैं कमी रही भक्ति तनै पुगाण मैं
आंधा बहरा राम जी भी नहीं आया पिटती छुड़ाण मैं
कहै रणबीर बरोने आला आज पाखंडाँ की भरमार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

---

कविता | **राजपाल सिंह गुलिया**



## मजबूरी का मोल नहीं सै

मजबूरी का मोल नहीं सै, कहते आए लोग सयाणे।
देखे हमने अकल बिना भी, इस दुनिया में ऊँट उभाणे ॥

टोटा बैरी मजबूरी म्हँ, जिब चूँट - चूँट कै खावै सै।
लाचारी हो पर्वत तैं भारी, कुछ ना पार बसावै सै।
आग बलै ना अगर पेट म्हँ, तै कोण कमावण जावै से।
मजबूरी या प्यार घणा हो ,ना तै कोण किसे कै खावै सै।
कोण अपणा भेद बतावै से, बिना जाणे और पिछाणे ॥

घणा कसूता काम देख ल्यो, माणस जिब मजबूर हों सैं।
कुछ तै फाँसी खा कै मरज्या, कुछ नशे म्हँ ए चूर हों सैं।
दर्द कसूता हो सै जिब, नूँह आंगलियाँ तैं दूर हों सैं।
वो भी हमने पिटते देख्ये, जिनके ..नाहीं कसूर हों सै।
इब वोहे लोग .मसूर .हों , जो गावैं सैं भूंडे गाणे।

जिनके .देख्ये छो आवै सै, उनतै करणे सलाम पड़ैं सैं
दो धेले के माणस तैं भी, कदे जरूरी काम पड़ैं सैं।
लुक - छुप .कै .जो काम करे , मानने सरेआम पड़ैं सैं।
शौक और मजबूरी म्हँ तैं, देणे दूणे दाम पड़ैं सैं।
ज्यूँ आँधी म्हँ आम झड़ैं सैं, लागे न्यू ये दाम बिराणे ॥

किसै की घणी किसै की थोडी, सबकी ए मजबूरी हो सै।
वो भी फिरैं हाँडते मिरगा, जिन धोरे कस्तूरी हो सै।
दिल अपणे नै डाट बावले, यो भी भोत जरूरी हो सै।
सभ के मन की इच्छा बोलो, किसकी किसतैं पूरी हों सैं।
राजपाल गुलिया कहता, थम, भी बणो आंध्यां म्हं काणे ॥

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

कार्यकाल | **अंग्रेजों ने बदले की भावना से विशाल झज्जर रियासत को 54 वर्षों बाद ही 1858 में मात्र एक तहसील बना दिया था**

# बेहद रोचक इतिहास है रियासत झज्जर का



झरोखा | **यशपाल गुलिया**

अंग्रेजों ने बदले की भावना से विशाल झज्जर रियासत को मात्र एक तहसील बना डाला था। पाठ्य सामग्री के अभाव के कारण झज्जर के इतिहास बारे ज्यादातर नागरिक आज तक अनभिज्ञ ही हैं। केवल झज्जर के अन्तिम नवाब के विषय में ही जाना जाता है, जबकि सन 1804 में झज्जर के एक रियासत बनने से पहले भी यह एक शासकीय दस्तूर / परगना रहा था जिस पर विभिन्न प्रशासक नियुक्त रहे थे।

झज्जर नगर की स्थापना वर्ष 1200 के आसपास भोजू जाट द्वारा की गई थी। उसके बाद नव स्थापित बस्ती ने तीव्र गति से विस्तार किया तथा सुदूर क्षेत्र अफगानिस्तान तक के नागरिक यहां आकर आबाद होने लग गए। एक दो शताब्दी के बाद यहां क्रमशः तीन बाह्य कबीलों का वर्चस्व कायम रहा। इनमें बहिस्ति कबीला, फिर पठान कबीला तथा बादशाह जहांगीर के काल में कलाल कबीले का नियन्त्रण रहा। उसके बाद दिल्ली दरबार से झज्जर पर विधिवत प्रशासक नियुक्त किए जाने लगे। इस तरह झज्जर का रूतबा एक दस्तूर स्तर का बन गया जिसके अन्तर्गत चार परगने झज्जर खास, दादरी तोए, मान्डोटी तथा बेरी दुबलधन आते थे। 16वीं शताब्दी से ही दिल्ली बादशाह के वजीर को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर प्रदान किया जाने लगा था। उस प्रचलन में विभिन्न प्रशासक नियुक्त किए गए थे। इनमें आकिल खां पठान, मीर मुश्तजा खां ईरानी, नजफ कुली खां, बेगम समरू, जार्ज थामस, फरुख नगर नवाब तथा भरतपुर राजा आदि के नाम शामिल हैं।

शाही वजीर सफदरजंग द्वारा नियुक्त मुरतजा खां ईरानी ने 1750 में झज्जर में एक किला बनाया था, जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। यह पुराने थाने वाले स्थान पर था। उसके बाद लगभग 10 वर्षों तक फरूखनगर व झज्जर पर भरतपुर शासकों ने बलात कब्जा करके खुशहाल राय व राम किशन आदि यहां के प्रशासक नियुक्त किए थे। आश्चर्यजनक रूप से झज्जर पर वर्ष 1790 में दो सिखी साहब सिंह व मन्झा सिंह ने भी अधिकार कर लिया था। फिर 1794 से मराठों ने झज्जर को जार्ज थामस को प्रदान कर दिया, जिसने जहाजगढ़ में एक किला बनाया तथा हिसार तक के क्षेत्र पर कब्जा करके स्वतन्त्र राज्य ही बना लिया था। दिल्ली पर 1803 से अंग्रेजों का आधिपत्य होने पर उन्होंने झज्जर को एक विशाल रियासत बना दिया। इसका क्षेत्र नारनौल, महेन्द्रगढ़, दादरी व बावल तक था।





झज्जर के अंतिम नवाब द्वारा छुछकवास में बनवाया गया महल, जहां से अंग्रेजों ने उसको 1857 में बंदी बनाया था, यहां शिलालेख आज भी विद्यमान है। अंतिम नवाब द्वारा निर्मित झज्जर में स्थित महल।

### निजाबत अली खां बना पहला नवाब

निजाबत अली खां झज्जर का प्रथम नवाब बनाया गया। लेकिन 54 वर्षों बाद 1858 में झज्जर रियासत को अंग्रेजों ने ही समाप्त कर दिया था। तब तक फैज अली खां, फैज मोहम्मद खां और अब्दुर रहमान खां आदि झज्जर के नवाब रहे थे। यद्यपि अन्तिम नवाब ने 1857 में अंग्रेजों से कोई प्रत्यक्ष युद्ध नहीं किया था लेकिन उसने दिल्ली से भागकर आए अंग्रेज मैटकाफ को शरण भी नहीं दी थी। इसका खामियाजा उसको फांसी के तौर पर भुगतना पड़ा। झज्जर के सम्पूर्ण इतिहास का उल्लेख गुलाम नबी द्वारा 1860 में लिखी गई पुस्तक में भी उर्दू भाषा में उपलब्ध है।

---

# खाकी के कैनवास पर कला के अक्स बुन रहे एसीपी राजेन्द्र सिंह

प्रतिभा | **गुलशन वर्मा**

पुलिस... मतलब कड़क अंदाज, कठोर कार्यशैली, कड़ा अनुशासन। चौबीसों घंटे केस, कोर्ट-कचहरी, कानून, कायदा, कार्रवाई, कैदी, एनकाउंटर, लाठीचार्ज, हथकड़ी, जमानत, मुजरिम एफआईआर आदि आदि। ऐसा मान लिया जाता है कि पुलिस कर्मचारी या अधिकारी का जीवन भावशून्य व संवेदनाविहीन हो जाता है। खाकीधारियों की भीड़ में कुछ ऐसी शख्सियतें भी हैं जो कठोर प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्य पालन में आदर्श बन कर खड़े हैं पर साथ ही व्यस्त दिनचर्या में से कुछ पल निकाल कर यह साबित कर रहे हैं कि खाकी सिर्फ कठोरता का पर्याय नहीं। कला, संस्कृति, काव्य, तूलिका भी उनके जीवन में अहम स्थान रखते हैं। यह शख्सियत हैं तूलिका के मास्टर और कविता के फनकार राजेन्द्र सिंह 'कलकल'।



दिल्ली पुलिस में असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर यानी एसीपी (पीएचक्यू) राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों में कविता से श्रोताओं को उल्लासित, रोमांचित व भावविभोर करते देखा जा सकता है। देखते ही देखते वह साथ या सामने बैठे व्यक्ति का ऐसा सजीव कैरीकेचर बना देंगे कि आप दंग रह जाएंगे। एक 'शार्प' कार्टूनिस्ट के तौर पर 'कलकल' को अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली है। उनके कद्रदानों में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जानसन भी हैं जिन्होंने अपना कार्टून देख कर 10, डाउनिंग स्ट्रीट (सन् 1735 से लंदन में ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों का निवास स्थान) से 'कलकल' को प्रशंसा का पत्र भेजा। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और देश के मिसाइल मिशन के सूत्रधार एपीजे अब्दुल कलाम को जब राजेन्द्र 'कलकल' ने उनका कैरीकेचर दिया तो वे इतने प्रभावित हुए कि उस पर लिख दिया, 'वैरी गुड कार्टून'। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, सदी के मेगास्टार अमिताभ बच्चन, क्रिकेटर कपिल देव और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा भी उनके प्रशंसकों में शामिल हैं। 'कलकल' के बनाए कार्टून पर इन सभी ने हस्ताक्षर किए हैं व कमेंट लिखे हैं। राजेन्द्र 'कलकल' के बनाए कार्टून/ कैरीकेचर की सूची काफी लंबी है। दिल्ली पुलिस के इतिहास पर किए गए शोध, साहित्यिक प्रतिभा, अध्यात्मवाद और व्यवहारवाद आदि को देख कर सहज रूप से उनकी 'वर्सेटाइल पर्सनैलिटी' का अहसास हो जाता है। हरियाणा के भिवानी जिले के मूल निवासी राजेंद्र सिंह 'कलकल' की बहुमुखी प्रतिभा पर अभी तक हरियाणा साहित्य अकादमी या केंद्र सरकार की साहित्य, कला, शिक्षा, सामाजिक एजेंसियों की नजर न पड़ना आश्चर्यजनक है।





एसीपी राजेन्द्र सिंह 'कलकल' दिल्ली पुलिस के संग्रहालय के सूत्रधार और अनुसंधानकर्ता भी हैं। किंग्स्वे कैंप स्थित यह संग्रहालय कई मायनों में अद्भुत है। 'हिस्ट्री एंड हेरिटेज बुक आफ दिल्ली' में राजेंद्र 'कलकल' का अहम योगदान है। दिल्ली पुलिस की पहली कॉफी टेबल बुक इन्हीं के शोध पर आधारित थी। आजादी से पहले की पुलिस यूनिफॉर्म, बंदूक, टोपी, पुलिस थानों की पहचान, फोटो, जुर्माना, पहली एफआईआर, इंस्पेक्शन बुक, पहला वायरलैस सेट जैसी अनेक रोचक और खोजपरक जानकारी इस संग्रहालय में मौजूद है। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट 'कलकल' के कार्टूनों से भरी है। हर कार्टून इतना परफेक्ट कि आप देखते रह जाएंगे। दिल्ली पुलिस की पत्रिकाओं, कैलेंडर में उनके कार्टून छप चुके हैं। 'कलकल' जाने माने कवि भी हैं। उनकी कविताओं व साहित्य रचनाओं में जीवन के कठोर, चुटीले व रोचक किस्सों व प्रेरणादायक वृतांत का समावेश होता है। वह सामाजिक बंधनों की परंपरा को कायम रखने में भी सबसे आगे हैं। वह उपदेशक (मोटिवेशनल स्पीकर) की भूमिका भी निभा रहे हैं जिसमें वह अपने संदेशों में जीवन के प्रति आशावाद और उत्साह का संचार करते हैं। वह बाकायदा मोटिवेशनल क्लास भी लगाते हैं जिसमें दैनिक जीवन के तनावों से मुक्ति पाने के टिप्स दिए जाते हैं। ये टिप्स गीता की शिक्षा पर आधारित होते हैं। इन क्लासों में बढ़ती भीड़ इनकी निरंतर बढ़ती लोकप्रियता को स्वयं साबित करती है। इनके टिप्स बच्चे, युवा, प्रौढ़, बुजुर्ग सभी के लिए होते हैं।

### दुनिया कायल है 'कलकल' की

राजेन्द्र सिंह के कद्रदानों में अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह, अमिताभ बच्चन भी शामिल रहे हैं। अपना कैरीकेचर देख 'मिसाइलमैन' ने लिखा, 'वैरी गुड कार्टून', वहीं ब्रिटिश पीएम बोरिस जानसन ने लैटर भेज कर धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप

### किरयाने की दुकान से नकदी व सिगरेट चोरी

**नारनौल।** जल महल के समीप नई सब्जी मंडी गेट नंबर एक के पास बनी किराणे की दुकान के ताले तोड़कर चोर वहां से करीब तीन हजार रुपये की नकदी, सिगरेट एवं रेडबुल के कैन चुरा ले गए। पीड़ित मुकेश सैनी पुत्र रामचंद्र सैनी वासी मोहल्ला कायस्थवाड़ा ने बताया कि उसने सब्जी मंडी गेट नंबर एक के पास किराणे की दुकान कर रखी है। बीती रात को चोर दुकान का ताला तोड़कर शट्टर न खुलने पर सीढी के सहारे छत पर चढ़े और जिन्ने के रास्ते दुकान में घुसे, जहां से वह 3000 रुपये की रोकड़ी और सिगरेट के पैकेट तथा रेडबुल के कैन आदि करीब 9 हजार रुपये का सामान चुरा ले गए।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए अदालत कल

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष बिजली अदालत का आयोजन एक जुलाई को सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि बिजली अदालत सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक संचालित की जाएगी। हुड्डा ने बताया कि इस अदालत में उपभोक्ता बिजली कनेक्शन से संबंधित शिकायतों व बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# शिविर में 300 परिवारों को मिला योजनाओं का लाभ



रेवाड़ी। कैंप में अतिथियों का सम्मान करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**जनहितकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना ही लक्ष्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुंड

बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव बासदुदा में रविवार को जन कल्याण शिविर का आयोजन किया , जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की जनता तक हरियाणा सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना था।

कैंप की अध्यक्षता बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने की, जबकि परिवार पहचान प्राधिकरण के राज्य समन्वयक डा. सतीश खोला व क्रीड विभाग की पूरी टीम उपस्थित थी। डा. सतीश खोला ने क्रीड टीम के साथ लोगों की जन समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। कैंप में 300 से अधिक परिवारों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी बनाया गया। कैंप के दौरान बुढ़ापा पेंशन, अविवाहित महिला पेंशन व विधवा पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दर्जनों नए ऑनलाइन आवेदन किए गए। साथ ही आने वाली लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 250 महिलाओं के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। डा. खोला ने बताया कि जल्द ही लाडो लक्ष्मी योजना के तहत लाभ राशि को बढ़ाकर 2100 प्रतिमाह कर दिया जाएगा, जिससे महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को और अधिक बल मिलेगा।

बावल विधायक डा.कृष्ण कुमार ने कहा कि सरकार की अंत्योदय की योजनाएं बेहतरीन है। ग्रामीण अंचल के गरीब परिवारों के लिए शुरू की गई दयालु योजना के तहत भी दर्जनों लोगों को लाभ दिलाया गया। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य, शिक्षा और आवश्यक सहायता राशि प्रदान की जाती है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष यादव, सरपंच धर्मवीर यादव, गीता देवी पूर्व जिला पार्षद, मुकेश यादव, हेमलता तंवर, मधु, जीवन राम गर्ग, दिनेश यादव, अतर सिंह, नवल सिंह, योगेश भारद्वाज, धीर सिंह, मुरारीलाल, संदीप यादव, सुदेश नंबरदार, चेतन सरपंच, विक्रम सरपंच, आदि मौजूद रहे।

# भाविप की श्रीराम और विवेकानंद शाखा ने लगाई बाल संस्कार कार्यशाला



रेवाड़ी। कार्यशाला में मौजूद आयोजक व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**बच्चों को अनुशासन में रहने का संदेश दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

भारत विकास परिषद की श्रीराम शाखा एवं विवेकानंद शाखा की ओर से रविवार को बाल संस्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डा. दीपक यादव अल्ट्रासाउंड सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में 16 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की जानकारी का आदान प्रदान किया गया व सभी बच्चों को अनुशासन में रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडवोकेट अशोक कुमार यादव डायरेक्टर अल्ट्रासाउंड सेंटर, शाखा अध्यक्ष सीए जतिन सैनी व भूतपूर्व अध्यक्ष सीए जितेश अग्रवाल सहित शाखा के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित करके किया। शाखा सचिव सचिन सिंघल व डा. दिनेश वर्मा ने सामूहिक राष्ट्रीय गीत का आयोजन किया। डा. तरुणा यादव ने बच्चों के लिए रुचिकर व्यंजनों का प्रबंध किया। रितु ओबरॉय व महिला सह संयोजिका मानसी अरोड़ा ने बच्चों को योगासन व अन्य सूक्ष्म व्यायाम कराएं। रुचि अग्रवाल और पूजा सैनी ने बच्चों के साथ मिलकर फायरलेस कुकिंग की। संस्कार संयोजिका सीए निधि गौतम तथा विवेकानंद शाखा की महिला संयोजिका नेहा शर्मा ने संस्कार शाला में बच्चों के साथ रोचक खेल भी खेले। पारुल सिंघल तथा रेखा चौहान ने हनुमान चालीसा के पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

महिला संयोजिका डा. नीरज यादव ने कहा कि बाल संस्कार शिविर के माध्यम से बढ़ते हुए बच्चों के अंदर संस्कार डालना बेहद आवश्यक है, उन्हें यह पता होना चाहिए कि देश, धर्म, परिवार और समाज के लिए क्या बुरा है और क्या अच्छा है और उन्हें किस तरह से अपना दायित्व निभाना है। महिला संयोजिका डा. नीरज यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गर्मी एवं उमस के चलते दम घुटने से दो लोगों की मौत

**नारनौल।** क्षेत्र में बीते दिवस तेज गर्मी एवं उमस में दम घुटने से दो अलग-अलग जगहों पर दम घुटने से मौत हो गई।

दोनों ही संदिग्ध परिस्थितियों में सुनसान जगहों पर मृतावस्था में मिले। करीब 41 वर्षीय अनिल कुमार वासी गांव मकसूसपुर सिंघाना रोड पर गांव रघुनाथपुरा के जलेबी चौक के पास मृतावस्था में मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मुताबिक अनिल कुमार अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था तथा नशे का आदि हो गया था। उसके दो बेटी एवं एक छोटा बेटा है। वह जलेबी चौक के पास सड़क किनारे मृतावस्था में मिला। माना जा रहा है कि तेज गर्मी एवं उमस में दम घुटने से उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में शहर के सिंघाना रोड पर ही नहर के साथ लगते खाली प्लाटों में एक व्यक्ति की लाश मिली, जिसकी पहचान करीब 39 वर्षीय बब्लू अहीरवार वासी रूप में हुई।

*पीएम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं*

# मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को आपस में जोड़ता है : वीर कुमार



रेवाड़ी। नठेड़ा गांव में मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव नठेड़ा में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सुना।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम न केवल देशवासियों को जोड़ता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में जन-भागीदारी को भी सशक्त करता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर समाजहित में कार्य करें। कार्यक्रम में नठेड़ा सरपंच मनोज कुमार, एडवोकेट रमेश शर्मा, विनोद कुमार, प्रमोद शास्त्री, कैप्टन महेंद्र सिंह, देवराज, रणबीर, भागमल, मुकट सिंह, विमल कुमार, मास्टर राजेश, मास्टर मनोज, हेडमास्टर भरत सिंह व संजय राव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मानसून ने दिल्ली सहित पूरे देश को किया कवर जिला महेंद्रगढ़ में अभी भी बारिश की दरकार

**नारनौल।** सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून की एंट्री हो गई है। मानसून ने अपने निर्धारित समय से नौ दिन पहले सम्पूर्ण भारत को कवर कर लिया है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ समस्त भारत में रविवार को मानसून छा गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून की लय देखने को मिलेगा। बता दें कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 24 जून को मानसून का मंगल प्रवेश हुआ। इसके बाद बुधवार व वीरवार को मानसून ने आधा हरियाणा को कवर किया। उसके बाद धीरे धीरे शनिवार को दिल्ली एनसीआर व रविवार को दक्षिण पश्चिम मानसून ने दिल्ली सहित पूरे देश को कवर कर लिया है। दक्षिण पश्चिम मानसून राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व हरियाणा के शेष भागों तथा पूरी दिल्ली में आगे बढ़ते हुए पूरे भारत को कवर करने की सामान्य तिथि आठ जुलाई से नौ दिन पहले की सामान्य तिथि के मुकाबले रविवार को पूरे देश को कवर कर लिया है।




नारनौल। आसमान में छाए बादल। फोटो : हरिभूमि

## डहीना ब्लॉक के गांवों में विकास कार्यो का उद्घाटन



रेवाड़ी। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधायक अनिल यादव। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने रविवार को डहीना ब्लॉक के विभिन्न गांवों में नई सीवरेज लाइन, आम रास्तों तथा नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। विधायक अनिल यादव ने कहा कि डहीना, जाटूसाना और नाहड़ तीनों खंडों के गांवों में हरियाणा सरकार से ग्रांट लाकर विकास के काम कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के एक भी गांव को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अथक प्रयास व जनता के भारी समर्थन से हरियाणा राज्य में लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना किसी भेदभाव के प्रदेश का चहुंमुखी विकास करा रहे हैं। इस अवसर पर प्रवीन चेयरमैन, करणपाल चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष सविता, सुनील चेयरमैन मौतला, वाइस चेयरमैन विक्रम सिंह, औलांत के सरपंच संजय, हरिकिशन जीवड़ा, ढाणी जरावत के सरपंच प्रदीप, संजय लुहाणा, रामकुमार, बिल्लू बाबडोली व रविंद्र नंबरदार मौजूद थे।

## गाड़ियों के ठहराव के लिए सांसद के नाम सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष ने रेलगाड़ी के ठहराव को लेकर एक लिखित ज्ञापन भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के पुत्र चौ. मोहित को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि गाड़ी संख्या 12323-24 हावड़ा से बाड़मेर सप्ताह में दो दिन चलने वाली रेलगाड़ी का महेंद्रगढ़ के अमृत स्टेशन पर ठहराव नहीं है। इन गाड़ियों में यात्रा करने के लिए महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों को रेवाड़ी या फिर लोहारू स्टेशन जाना पड़ रहा है। दैनिक रेल यात्री महासंघ कई साल मांग उठा रहे हैं कि महेंद्रगढ़ में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ यहां के बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों में हरियाणा ही नहीं पूरे देशभर के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। उनकी सुविधा को देखते हुए यहां पर इन गाड़ियों का ठहराव अति आवश्यक है।



महेंद्रगढ़। सांसद पुत्र को ज्ञापन सौंपते दैनिक रेलयात्री महासंघ के सदस्य।

## वर्षों से बंद पड़ा है किसान मॉडल स्कूल का निर्माण कार्य

**महेंद्रगढ़।** जिले के गांव नांगल सिरोही में प्रस्तावित किसान मॉडल स्कूल सरकारी अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता का शिकार बन गया है। वर्ष 2014 में शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी योजना पर करोड़ो रुपये खर्च होने के बाद भी खंडहर नजर आ रहा है। किसान मॉडल स्कूल दो मंजिला भव्य भवन बनाया जाना था, लेकिन सिर्फ ग्राउंड फ्लोर का 70 प्रतिशत निर्माण ही हो पाया। इसके बाद बजट की कमी के कारण कार्य रुक गया और भवन अब धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो गया है। भवन की नींव में पेड़ उग आए हैं और शरारती तत्वों का अड्डा बन चुका है।

## संजय सिंह बने नेहरू पार्क सुधार समिति के प्रधान



रेवाड़ी। समिति के नए प्रधान का स्वागत करते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** रविवार को नेहरू पार्क सुधार समिति की बैठक पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता नगर पार्षद ने की। इस मौके पर संस्था के उप प्रधान व कार्यकारी प्रधान के के जांगिड़ ने कहा कि संस्था को चलाने के लिए एक स्थाई प्रधान की नियुक्ति आवश्यक है। सभी सदस्यों ने विचार विमर्श करके संस्था के सदस्य संजय सिंह को नेहरू पार्क सुधार समिति का प्रधान नियुक्त किया। इसके अलावा दीपक मंगला पूर्व प्रधान को मुख्य संरक्षक व गिरीश सिंगला को रखरखाव समिति का संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में प्रहलाद सोनी, रवि आहूजा, राजेश सैनी, योगेश सोनी, नेमीचंद गुप्ता, जगदीश शर्मा, कैलाश गुप्ता, सतनारायण शर्मा, जगराम गुर्जर, नितिन गुप्ता, अनिल गौड़, मोनू अग्रवाल, पूजा आहूजा, सतपाल शास्त्री, सुनीता, यश मक्कड़ व उमेश शर्मा सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण मामले में धरना जारी

**राव तुलाराम के नाम पर हो मेडिकल कॉलेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

प्रदेश सरकार शहीदों की अनदेखी कर रही है। नसीबपुर शहीद मेमोरियल, रेजांगला स्मारक जैसे अनेक मुद्दे हैं, जिस से सरकार की मंशा जाहिर होती है। उक्त विचार इंकलाब युवा संगठन के अध्यक्ष व पूर्व जिला पार्षद कुलदीप सुरजनवास ने गांव कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर जारी धरने को समर्थन देते हुए व्यक्त किए।

नसीबपुर के ऐतिहासिक मैदान में राव तुलाराम के नेतृत्व में 5000 वीर जवानों ने अपनी शहादत दी थी। सरकार की ओर से नसीबपुर के ऐतिहासिक मैदान में शहीद मेमोरियल बनाने की घोषणा की थी, लेकिन फाइल अधिकारियों की टेबलों पर धूल फांकती रही, जबकि नसीबपुर के साथ ही घोषित हुआ अंबाला का शहीद मेमोरियल लगभग बनकर तैयार हो गया है। रेजांगला की ऐतिहासिक लड़ाई में इस क्षेत्र के वीर जवानों ने अपनी शहादत दी, उसको लेकर महेंद्रगढ़ में बनने वाला रेजांगला पार्क भी अभी तक नहीं बन पाया है। महेंद्रगढ़ के चंद्रशेखर आजाद चौक का नाम बदलकर परशुराम चौक कर दिया गया। यह सरकार शहीदों के गौरवशाली इतिहास को मिटाना चाहती है। राव तुलाराम 1857 की क्रांति के वीर योद्धा थे। कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम पर होना चाहिए। पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि कालू टांडु ने कहा कि सरकार लोगों की मांग को अनदेखा कर रही है। सरकार को लोगों की मांग को ध्यान में रखकर मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम पर करना चाहिए।



नारनौल। धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## निर्धारित मापदंडों का निरीक्षण करने में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से लोगों में आक्रोश, भ्रष्टाचार के आरोप

# बिना फायर एनओसी चल रहा निजी अस्पताल व लाइब्रेरी आपात परिस्थितियों में मरीजों को जान का बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी

डिग्री धारक चिकित्सक निजी अस्पताल खोलने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन उन्हें विभाग के निर्धारित मापदंडों की पालना करनी होगी। नांगल चौधरी के अधिकांश निजी अस्पताल मानकों पर उतीर्ण नहीं, ऐसे में मरीजों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। इसके अलावा लाइब्रेरी संचालन में भी नियमों की अनदेखी होने की शिकायतें अग्निशमन विभाग में दर्ज हुई हैं।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी के अधिकांश गांवों में परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं। ग्रामीणों को अवैध सवारी वाहनों में सफर करके शहर आना पड़ता है। मरीजों को अवैध वाहनों में बैठने व उतरने में परेशानी रहती है। इसलिए गांवों में निजी क्लीनिक व मेडिकल स्टोरों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। शहर व गांवों में 15 से अधिक निजी क्लीनिक हैं, लेकिन अधिकतर अस्पतालें विभागीय मापदंडों पर उत्तीर्ण नहीं। अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र तथा विभागीय एनओसी होना अनिवार्य है। यंत्रों को ऑपरेट करने के लिए लाइसेंस धारक कर्मचारी की नियुक्ति जरूरी है, ताकि आपात परिस्थितियों में मरीजों को जानलेवा जोखिम से बचाया जा सके, लेकिन शहर के ज्यादातर निजी अस्पतालों के पास फायर एनओसी नहीं। विभिन्न कारणों से आगजनी होने पर मरीजों को जानलेवा खतरा संभव है।




नांगल चौधरी। नगर पालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### लाइब्रेरी संचालकों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई

फायर निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि नांगल चौधरी में किसी भी लाइब्रेरी संचालक ने फायर एनओसी नहीं ली और न ही अप्लाई किया हुआ है। एक दो निजी अस्पताल संचालकों ने फायर के मापदंड पूरे किए हैं, जल्द ही चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। मापदंडों पर अनफिट संस्थानों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### आगजनी हुई तो राहत पहुंचाना नहीं हो पाएगा संभव

राहुल कुमार, विनोद कुमार, रामनरेश, कृष्ण कुमार ने बताया कि अधिकांश लाइब्रेरी तंग रास्तों पर संचालित हैं और वहां अग्निशमन के यंत्र व एनओसी भी उपलब्ध नहीं। सीईटी पेपर नजदीक होने के कारण सभी लाइब्रेरी में 100 से 150 विद्यार्थियों का उपस्थिति रहती है। ऐसी परिस्थितियों में आगजनी का हादसा हुआ तो मौके पर फायर बिग्रेड का पहुंचना संभव नहीं। मापदंडों पर अनफिट संस्थानों में पढ़ाई कर रहे युवाओं को जानलेवा खतरा बना हुआ है।

### हो सकता है जानलेवा साबित

निजी अस्पतालों व अन्य प्रतिष्ठानों में फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) की अनुपलब्धता एक गंभीर मुद्दा है, जो जानलेवा हो सकता है। फायर एनओसी सुनिश्चित करती है कि भवन में आग से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं और आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं।

## खबर संक्षेप



### जजपा ने हलका कोसली में चलाया सदस्यता अभियान

**कोसली।** जननायक जनता पार्टी की ओर से रविवार को हलका कोसली में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसकी शुरूआत जिला अध्यक्ष विजय पंच एवं कोसली हल्का अध्यक्ष सत्येंद्र बाबा ने की। सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की कॉपी देते हुए शुभारंभ किया गया। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सदस्यता अभियान को पूरा करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोसली क्षेत्र के गांव से विवाहिता लापता

**कोसली।** कोसली क्षेत्र के गांव से एक महिला बिना किसी को कुछ बताए घर से चली गई। महिला के पति ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह लगभग तीन साल पहले हुआ था। उनके एक अढाई वर्ष का लड़का भी है। वे शनिवार को जखाला गांव में आरा मशीन पर काम करने चला गया। कुछ समय बाद उनके पिता ने सूचना दी कि उसकी पत्नी घर पर नहीं है। घर आकर उसने उसने अपनी पत्नी की गांव में तलाश की तथा रिश्तेदारी में भी पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

### कोसली की शर्मिला ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य

**कोसली।** कोसली निवासी शर्मिला यादव ने पंचकूला में



आयोजित खेलो हरियाणा महाकुंभ की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपने क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। उपलब्धि हासिल करने वाली शर्मिला रेवाड़ी जिले की पहली महिला हैं, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित खेल महाकुंभ में बॉक्सिंग में पदक जीता है। शर्मिला ने यह उपलब्धि अपनी कोच ममता यादव के कुशल मार्गदर्शन में हासिल की। पंचकूला में आयोजित प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबले हुए। इस सफलता पर क्षेत्र से अशोक कुमार, राकेश यादव, विपिन यादव, सागर यादव, प्रेम कुमार, प्राचार्या डा. लाज कौशल, महावीर निर्दोष, आलोक भंडारिया व सतबीर इंदौरा ने शर्मिला ने बधाई दी है।

## रविवार दोपहर को आई बरसात से जलमग्न हुई कई सड़कें, लोगों को गर्मी से मिली राहत

# चालीस मिनट की तेज बारिश से मौसम खुशगवार सड़कों पर जलभराव अभी भी बन रहा परेशानी

- किसानों के चेहरे खिले, फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी यह बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रविवार दोपहर को जिले में आई तेज बरसात होने के बाद लोगों को गर्मी व किसानों को कपास व बाजरे की फसल में सिंचाई से राहत मिली है। करीब 40 से 45 मिनट हुई तेज बरसात से शहर की कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई। शहर के सरकुलर रोड सहित बाजार व अन्य सड़कों पर पानी एकत्रित होने से वाहन चालकों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ी।

रविवार को सुबह से ही आसमान में बरसात के बादल छाए रहे। दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। इसके बाद अचानक बादल गहराने के बाद तेज बरसात शुरू हो गई, जिससे मौसम खुशगवार हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। बरसात रुकने के बाद भी शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। बरसात के बाद अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 35 डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम के समय आसमान में बरसात के बादल गहराने आसपास के कई इलाकों में हल्की बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के अंत तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है।





रेवाड़ी। बरसात के पानी से जलमग्न नई अनाजमंडी तथा नाईवाली सब्जीमंडी में जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

### बरसात से फसलों को मिलेगा फायदा

जिले के किसान कपास व बाजरे की बिजाई कर चुके है। बरसात न होने से किसान नलकूपों की मदद से फसलों की सिंचाई करने में लगे थे। बाजरा की फसल को पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है। रविवार को तेज बरसात से बाजरा और कपास दोनों फसलों को फायदा मिला है। बरसात के बाद बिजली की खपत में भी कमी आने का अनुमान है। लोगों को पावर कटों से भी राहत मिल गई है।

### देरी से शुरू हुआ नालों की सफाई का कार्य

शहर में बरसाती नालों की सफाई का कार्य चल रहा है, लेकिन सफाई कार्य देरी से शुरू होने के कारण शहरवासियों को अभी जलभराव से कुछ हद तक ही राहत मिल पाई हे। रविवार को बरसात के बाद शहर की कई सड़कें फिर से जलमग्न हो गई। इससे वाहन चालकों से लेकर पैदल चलने वाले लोगों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नाईवाली चौक, ब्रास मार्केट, अनाजमंडी, बावल रोड, डबल फाटक अंडरपास, निचला इलाका नई आबादी, सब्जीमंडी, मेन बाजार व मॉडल टाउन सहित शहर के कई इलाकों में बरसाती पानी एकत्रित हो गया।





रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर जमा पानी में से निकलते वाहन तथा बरसात से सरकुलर रोड पर नाले से बाहर आया गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

# खंडोडा से जेवरात व नकदी लेकर फरार हुई दुल्हन के केस में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस कौशल्या उर्फ पूजा तथा बिचौलिए शिव कुमार उर्फ शोले को भेज चुकी है जेल
- मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी को भी कोर्ट में पेश कर सलाखों के पीछे भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

बावल थाना पुलिस ने गांव खंडोडा में युवक से शादी करने के बाद जेवरात व नकदी लेकर फरार हुई दुल्हन के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राकेश उर्फ राहुल निवासी कनकपुर जिला सुलतानपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस लुटेरी दुल्हन कौशल्या उर्फ पूजा निवासी हकीमपुर जिला सुलतानपुर तथा बिचौलिए शिव कुमार उर्फ शोले निवासी कटहरा पट्टी जिला सुलतानपुर को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। गांव खंडोडा के जलदीप ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके पिता धर्मवीर की मुलाकात बहरोड़ के बालपुर गांव के राजबीर से हुई थी। राजबीर ने उन्हें यूपी के शिव कुमार उर्फ शोले से मिलवाया था। शिव कुमार ने खुद को शादी कराने वाला बताया और भरोसा दिलाया कि वह उसके बेटे की अच्छे घर में शादी कराएगा। मई में शिवकुमार जलदीप के पिता को अपने गांव ले गया। वहां कई लड़कियों के रिश्ते दिखाए।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी राकेश उर्फ राहुल।

जलदीप को 25 मई को पूजा नाम की लड़की पसंद आई और रिश्ता तय हो गया। शादी के लिए लड़की वालों ने दो लाख रुपए की मांग की। उस समय उनको 50 हजार रुपए नकद दिए गए तथा बाकी रकम शादी के समय देने का वादा किया। 3 जून को जलदीप और उसके पिता यूपी के अंबेडकर नगर जिले के पाती गांव पहुंचे। वहां लड़की के परिजनों ने शादी के सामान की लिस्ट दी, जिस पर वे 8400 रुपए के कपड़े और 21 हजार की ज्वेलरी ले आए। 4 जून को मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी हुई। शादी के बाद शिवकुमार उर्फ शोले ने एक लाख रुपए नकद और 50 हजार रुपए अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। 5 जून को कौशल्या उर्फ पूजा की विदाई हुई तथा जलदीप, पूजा को घर ले आया। गृह प्रवेश के समय जलदीप की मां ने उसे मुंह दिखाई में चांदी की पायजेब और सोने का मंगलसूत्र दिया। इसके बाद रात को दोनों चौबारे में सोने चले गए। जब जलदीप सुबह उठा तो पूजा गायब थी। दुल्हन शादी के सारे जेवरात और 20 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गई। दुल्हन के फरार होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी तथा कौशल्या उर्फ पूजा निवासी हकीमपुर जिला सुलतानपुर तथा बिचौलिए शिव कुमार उर्फ शोले निवासी कटहरा पट्टी जिला सुलतानपुर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने तीसरे आरोपी राकेश उर्फ राहुल निवासी कनकपुर जिला सुलतानपुर उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की जिला इकाई का पुनर्गठन

## श्रुति शर्मा अध्यक्ष व गोपाल वशिष्ठ बने महामंत्री

- बैठक में प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता पर भी चर्चा की
- डा.पवन गोयल एवं दशरथ चौहान को संरक्षक बनाया गया
- डा.एलएन शर्मा को साहित्य भेंट करके सम्मानित भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की जिला कार्यकारिणी के तीन वर्ष पूर्ण होने पर पुनर्गठन किया गया। परिषद् के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो.रमेशचंद्र शर्मा के सान्निध्य एवं मार्गदर्शक डा. एलएन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष श्रुति शर्मा को पुनः अध्यक्ष तथा गोपाल वशिष्ठ को महामंत्री चुना गया। बैठक में साहित्यिक चेतना का विस्तार करने के साथ-साथ जुलाई में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता पर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से हुए कार्यकारिणी गठन में डा.पवन गोयल एवं दशरथ चौहान को संरक्षक बनाया गया। डा. एलएन शर्मा, आचार्य रामतीर्थ व दर्शना शर्मा को मार्गदर्शक तथा सत्यवीर नाहड़ियाा को परामर्शदाता की जिम्मेदारी दी गई। वरिष्ठ रचनाकार अहमना भारद्वाज को उपाध्यक्ष, एडवोकेट रणजीत सिंह को प्रचार मंत्री सोशल मीडिया तथा तेजभान कुकरेजा को संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्यों में डा.रुचि सक्सेना, डा.कविता गुप्ता, अरुण गुप्ता व डा.विनय भटनागर को शामिल किया गया। महामंत्री गोपाल वशिष्ठ ने बताया कि यह कार्यकारिणी अगले तीन वर्षों तक कार्य करेगी। बैठक में डा.एलएन शर्मा को साहित्य भेंट करके सम्मानित भी किया गया।



रेवाड़ी। डा.एलएन शर्मा को साहित्य भेंट करते परिषद के पदाधिकारी।

### बुजुर्ग समाज की सबसे बड़ी धरोहर होतेः सचिन मलिक



**रेवाड़ी।** रविवार को पंजाबी भवन में वरिष्ठजन आनंदमय उपवन की ओर से आयोजित जन्मदिन समारोह में वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। पंजाबी बिरादरी के सचिव नरेंद्र बत्रा ने मंच संचालन करते हुए सभी का स्वागत किया। प्रधान सचिन मलिक ने आगे भी इस परंपरा को जारी रखने का वादा किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की सबसे बड़ी धरोहर होते हैं और उन्हें विशेष सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों को जन्मदिन पर फूल देकर सम्मानित किया गया और सबके साथ मिलकर केक काटा गया। इस अवसर पर पंडित रमेश, दीवान पंडित, दिनेश राजपाल व इस्कॉन से हरीश मलिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में वीरेंद्र खन्ना, बृजलाल मेहंदीरत्ता, रमेश बठला, भीमसैन गुलाटी, नरेंद्र बठला, सुनील खुराना, ओमप्रकाश दुरेजा, आदर्श राजपाल, राम भल्ला और नरेश कालरा का सम्मान किया गया।

# संतों के बताए मार्ग का अनुसरण करके पूरी दुनिया बन सकती है स्वर्ग : यादव

- हमारा परिवार संस्था की ओर से पंजाबी धर्मशाला में संस्कार निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से पंजाबी धर्मशाला में संस्कार निर्माण कार्यक्रम आओ मिलकर इस धरती को स्वर्ग जैसा सुंदर बनाएं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा बोर्ड हरियाणा के पूर्व चेयरमैन वी पी यादव, समाजसेवी हेमंत ग्रोवर व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि देश में समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार से शुरू होती है, जिस परिवार में सभी बड़ों का सम्मान करते हो, घर के बड़े-छोटों को अच्छे संस्कार व सद्शिक्षा देते हो व जहां सभी परस्पर प्रेम पूर्वक रहते हो, उसी स्थान को स्वर्ग कहते हैं। भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, संत कबीर, संत रविदास व गुरु नानक देव अपने उपदेश में पूरी मानवता के लिए सत्य, प्रेम, भाईचारा व निस्वार्थ प्रेम का संदेश देते हैं। संतों के बताए मार्ग का अनुसरण करके पूरी दुनिया ही स्वर्ग बन सकती है। महिला प्रधान निशा सीकरी, महिला संयोजक शशि जुनेजा, समाजसेवी अमिता ग्रोवर, पूर्व नगर प्रधान सुचित्रा चांदना व शिक्षाविद सरोज भारद्वाज ने कहा कि सभी महिलाएं घरों में भोजन बनाते समय मन में भाव रखें कि यह पवित्र भोजन भगवान के प्रसाद के निमित्त तैयार कर रही है। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, प्रोफेसर सी एल सोनी, लक्ष्मी नारायण, समाजसेवी राजेंद्र गेरा व शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल को सम्मानित किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक।

# मारपीट करके युवक की हत्या के मामले में एक और काबू



**रेवाड़ी।** सीआईए रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने मारपीट करके युवक की हत्या करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला कुतुबपुर निवासी तरुण के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहल्ला कुतुबपुर निवासी नितेश ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 24 मई की शाम को उसका दोस्त मोहल्ला कुतुबपुर निवासी नमन उसके पास आया था। इसके बाद वह दोनों नमन की स्कूटी से फ्लाईओवर के नीचे से नाईवाली चौक की ओर जा रहे थे। फ्लाईओवर के नीचे नितिन, पुनीत, हेमंत व उनके अन्य साथी ने आगे खड़े होकर उनकी स्कूटी को रोक लिया। इसके बाद सभी आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों व सूए से हमला कर दिया और उनके साथ बुरी तरह मारपीट की। आरोपियों ने उसे व नमन को गंभीर रूप से घायल कर दिया और धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद मोहल्ला कुतुबपुर निवासी गुलशन ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मारपीट में नमन को गंभीर चोटें आई थीं। उसे पहले ट्रॉमा सेंटर दाखिल कराया था। इस दौरान 29 मई को अस्पताल में उपचार के दौरान नमन की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में संलिप्त चार आरोपी मोहल्ला कुतुबपुर निवासी नितिन, पुनीत, हेमंत व देवेन्द्र उर्फ हैप्पी को को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी मोहल्ला कुतुबपुर तरुण को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### शिक्षकों ने नवीनतम तकनीकों और संसाधनों का लिया प्रशिक्षण

- अध्यापक व अध्यापिकाओं ने शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला में भाग लिया

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला में भाग लिया। तीन दिवसीय कार्यशाला को आयोजन डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल फरीदाबाद में किया गया। कार्यशाला में हर विषय और वर्ग के शिक्षकों ने अपने शिक्षण कौशल को और भी प्रभावी बनाने के लिए नवीनतम तकनीकों और संसाधनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी भाषा शिक्षण, गणित, विज्ञान और अन्य विषयों में नवीनतम प्रवृत्तियों और शिक्षण पद्धतियों के बारे में चर्चा की और अपने शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए नए तरीके अपनाए। शिक्षकों ने नवीनतम जानकारियों को अपने शिक्षण में शामिल करने और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया। इससे न केवल विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि अध्यापक-अध्यापिकाओं की क्षमता भी बढ़ेगी।

**आयोजन** देशवासियों से जुड़ने का एक प्रेरणादायी माध्यम है मन की बात कार्यक्रम : अभिमन्यु

# मन की बात कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं ने ली राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की प्रेरणा

इस कार्यक्रम से हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी का मिलता है भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रविवार को भाजपा के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। धारूहेड़ा में मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश सहसंयोजक अभिमन्यु राव और जिला अध्यक्ष वंदना पोपली उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी और वर्तमान में मंडल अध्यक्ष अजीत कोसलिया ने किया।

इस मौके पर प्रदेश सह संयोजक अभिमन्यु राव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने जनभागीदारी का नया मॉडल प्रस्तुत किया है। मन की बात कार्यक्रम देशवासियों से जुड़ने का एक प्रेरणादायी माध्यम है, जिससे हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी का भाव मिलता है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम हमें देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है और हमें सेवा व संकल्प की भावना से जुड़े रहने का संदेश देने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है। पीएम मोदी ने मन की बात में बताया कि भारत अब ट्रेकोमा जैसी आंखों की गंभीर बीमारी से मुक्त हो चुका है। साथ ही, देश के करीब 95 करोड़ लोगों को अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा है। इन दोनों उपलब्धियों की डब्ल्यूएचओ और आईएलओ ने भी तारीफ की है।



रेवाड़ी। मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा रामपाल यादव, पंडित हिमांशु पालीवाल, एडवोकेट प्रवीण शर्मा जिला संयोजक मन की बात, सीएम एमिनेट पर्सन राजकुमार सैनी, जिला सोशल मीडिया सह प्रमुख सावन सैनी, मंडल महामंत्री देवराज व नानक चंद खोला, मंडल उपाध्यक्ष शैलेंद्र चंदेल, डीके बंसल, चक्षु शर्मा, जितेंद्र नेगी, सचिन मंडल विमलेश तोमर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शोभा वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष ईश्वर सैनी, बूथ अध्यक्ष उमेश सैनी व खेमचंद सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अतर सिंह पांचाल, रामनिवास प्रजापत, पार्षद व बूथ अध्यक्ष राहुल जोशी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।